# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ई–मेल : E-mail :
jiwajidcdc@gmail.com

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2025/ 882 दिनांक : 05/08/2025

प्रति,

अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य
समस्त अशासकीय महाविद्यालय
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

**विषयः– कार्यपरिषद् के निर्णय के पालन के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 30 जुलाई, 2025 के पद क्रमांक–31(अ–अ–1) के निर्णयानुसार – **"समस्त सम्बद्ध अशासकीय महाविद्यालयों से इस आशय का शपथ पत्र प्राप्त किया जावे कि, उनके भवन में केवल जीवाजी विश्वविद्यालय से संबद्ध कोर्स जैसे–सामान्य/शिक्षा/विधि/प्रबंध इत्यादि पृथक–पृथक भवन में ही संचालित किये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त अन्य संस्था/विश्वविद्यालय से संबद्ध कोर्स संचालित नहीं किये जा रहे हैं"**

अतः उपरोक्त निर्णय के परिपालन में आपको निर्देशित किया जाता है कि, कार्यपरिषद् के निर्णयानुसार उक्त आशय का शपथ–पत्र जिसमें पाठ्यक्रम अनुसार भवन/भूमि हेतु चिन्हांकित प्लाट नंम्बर/खसरा/सर्वे नम्बर का स्पष्ट उल्लेख हो, 15 दिवस के भीतर कार्यालय, सम्बद्धता विभाग, जीवाजी विश्वविद्यालय मे भेजने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

निर्धारित अवधि में शपथ पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने पर महाविद्यालय के विरुद्ध परिनियम–27 के प्रावधानांतर्गत विश्वविद्यालय द्वारा संस्थित की जाने वाली किसी भी प्रकार की कार्यवाही लिये महाविद्यालय प्रबंधन स्वयं जिम्मेदार होगा।

05/08/25
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. प्रभारी आई टी सेल, की ओर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशन हेतु।

निदेशक,
महाविद्यालयीन विकास परिषद्

183
Disk:E-Tarun Shrivastava/All Letter's 2025-26/D.C.D.C./J.U